(i) **Printed Pages : 4** **Roll No. ................................**

(ii) **Questions : 8** **Sub. Code : 0 0 0 7**

**Exam. Code : 0 0 0 1**

**B.A./B.Sc. (General) 1st Semester**

**1128**

**HINDI**

**(Elective)**

**Time Allowed : Three Hours]** **[Maximum Marks : 90**

नोट :— सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या करें :–

(i) बासुरि सुख ना रैनि सुख, ना सुख सुपिनै मांहि।
कबीर बिछुड़ै राम सों, ना सुख धूप ना छाँहि।।
हंसा बगुला एक सा, मानसरोवर माहिं।
बगा ढंढोरे माछरी, हंसा मोती खाहिं।।

(ii) हरि सा हीरा छांडिकै, करे आन की आस।
ते नर जमपुरी जाहिंगे, सत भाषै रैदास।।
रैदास कहै जाके हृदै, रहे रैन दिन राम
सो भगता भगवंत सम, क्रोध न व्यापै काम।।

(iii) भुखिया भुख न उतरी जे बँना पुरीआ भार
सहस सिआणपा लख होहि त इक न चलै नालि।
किव सचिआरा होइए किव कूड़े तुटै पालि।
हुकुमि रजाई चलणा नानक लिखिआ नालि।।

(iv) दृग अंजन न रहत निसि बासर, कर कपोल भए कारे।
कंचुकि-पट सूखत नहिं कबहुँ, उर बिच बहत पनारे।।
आसू सलिल सबै भइ काया, पल न जात रिस टारे।
सूरदास प्रभु यहै परेखो, गोकुल काहै बिसारे।।

5×2=10

(ख) कबीरदास के काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालें। 6

**अथवा**

सूरदास कृत भ्रमरगीत का संक्षेप में वर्णन करें।

2. (क) निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :-

(i) वहां एक अष्टकोण मन्दिर बना और उस पर शिलालेख लगाया गया 'सातों देश के नरेश हुमायूं ने एक दिन यहां विश्राम किया था। उनके पुत्र अकबर ने उनकी स्मृति में यह गगनचुम्बी मन्दिर बनवाया पर उसमें ममता का नाम कहीं नहीं था।

(ii) पर कितने हैं माई के लाल, जो साधारण घटनाओं से शिक्षा लें, केवल महान आत्माएं ही हैं–जो ब्रह्म की ज्योति अधिक परिमाण में लेकर आती हैं–बाज़ के चिड़िया को मारने और शव को देखने से संसार में युगान्तर कर देती हैं और भगवान बुद्ध कहलाती हैं।

(iii) ऐसे ही मनुष्य होते हैं जिन पर जातियां गर्व करती हैं जिन पर लोग अपना तन-मन निछावर करने को उद्यत हो जाते हैं। उन्होंने एक विचित्र भाव से सिर ऊंचा किया और उपेक्षापूर्वक कहा–मैं इस निर्णय के विरुद्ध कुछ नहीं बोल सकता।

(iv) बूढ़े का दिल नाच उठा। दुनिया में इससे बढ़कर भी कोई प्रसन्नता हो सकती है, यह उसकी कल्पना से भी परे की बात थी। बूढ़ा हसना लड़खड़ाती हुई टांगों से दौड़-दौड़ कर स्वयं वह गाड़ी खींचने लगा। $5 \times 2 = 10$

(ख) 'सभ्य-असभ्य' कहानी का सार लिखते हुए 'उद्देश्य पर प्रकाश डालें।

**अथवा**

'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी वातावरण प्रधान है–इस कथन की पुष्टि करें। 6

3. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 शब्दों में लिखें :–

(क) कबीर जी ने सतगुरु की महिमा का किन शब्दों में वर्णन किया है ?

(ख) रैदास की 'माटी को पुतरा' की धारणा स्पष्ट करें।

(ग) गुरुनानक जी ने कैसा व्यापार करने की सलाह दी है ?

(घ) ममता ने अपने कर्त्तव्य का पालन किस प्रकार किया ?

(ङ) 'न्यायमंत्री' कहानी का उद्देश्य संक्षेप में लिखिए।

(च) हसना को गुलाब किन परिस्थितियों में मिली ? $3\times3=9$

4. आदिकालीन परिस्थितियों का वर्णन करें।

**अथवा**

आदिकालीन काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 7

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

(i) कबीर की भाषा को क्या नाम दिया गया है ?

(ii) सूरदास किस रस के सम्राट कवि हैं ?

(iii) आदिकाल के दो रासो ग्रंथों एवं उनके रचयिताओं के नाम लिखिए।

(iv) पहेलियाँ और मुकरियाँ लिखने वाले प्रसिद्ध कवि का नाम बताइए।

(v) रैदास के गुरु का नाम बताइए।

(vi) गुरु नानक देव जी के काव्य की दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(vii) शतरंज के खिलाड़ी कहानी के लेखक का नाम लिखिए।

(viii) मनोहर सिंह को नीम के पेड़ से इतना प्रेम क्यों था ?

(ix) शिशुपाल ने सम्राट अशोक पर कौनसा आशय लगाया ?

(x) ममता ने अपनी कुटिया में किसे आश्रय दिया ?

(xi) हसना ने नीरा का नाम गुलाब क्यों रखा ?

(xii) सभ्य-असभ्य में लेखक पत्नी की हर बात क्यों मान लेता है ?

(xiii) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने आदिकाल को क्या नाम दिया ?

(xiv) तेजा सिंह कौन था ?

(xv) मनुष्य संदिग्धावस्था में भँवर में पड़ी हुई लकड़ी के समान होता है, जो कभी उछलती है और कभी डूबती है।' पंक्ति किस पाठ से उद्धृत है ? $10\times1=10$

6. रचना विधान की दृष्टि से कहानी के तत्वों पर प्रकाश डालिए।

अथवा

कहानी के विभिन्न भेदों पर चर्चा करें। 7

7. (क) किन्हीं **पांच** शब्दों के विपरीतार्थक **लिखें** :–

अगम, उपसर्ग, तिमिर, दुराचारी, वियोग, सौभाग्य, शूरवीर। 5

(ख) किन्हीं **पांच** शब्दों के **समानार्थक** शब्द लिखें :–

अतिथि, अपमान कामदेव, **दण्ड,** तालाब, गणेश निर्मल। 5

(ग) किन्हीं **पांच** शब्दों का **शुद्ध रूप** लिखें :–

भगरिथि, पतीव्रता, कुमुदनी, इतिहासिक, आर्शीवाद, प्रनाम, युधिष्ठर। 5

(घ) किन्हीं **पांच** वाक्यांशों **के** लिए एक शब्द लिखें :–

(i) जो कहा ना जा सके।

(ii) जो थोड़ा जानता हो।

(iii) जिसकी उपमा न हो।

(iv) जिसका ईश्वर में विश्वास हो।

(v) ऊपर कहा गया।

(vi) वर्ष के चार महीनों का समूह।

(vii) जो आँखों के सामने हो। 5

8. निम्नलिखित में से **पांच** पारिभाषिक शब्दों के हिन्दी रूप लिखें :–

(i) Absence

(ii) Break in Service

(iii) Clarification.

(iv) Evidence

(v) Import

(vi) Leave vacancy

(vii) Supervisor. 5